# दिल्ली पब्लिक स्कूल,जम्मू
## सत्र 2021-2022
## अभ्यास-कार्य पत्र (3)
## तिथि: 1 नवंबर, 2021

**कक्षा:आठवीं** **विषय:हिंदी**

**उपविषय:-**

**वसंत :-** पाठ- 9 कबीर की साखियाँ
- 10 कामचोर
- 11 जब सिनेमा ने बोलना सीखा

**व्याकरण :-** पाठ- व्यंजन संधि, विराम चिह्न, अशुद्ध वाक्यों का संशोधन, विपरीतार्थक शब्द (41-60), पर्यायवाची शब्द (31-45), अनेकार्थक शब्द (36-50)।

**भारत की खोज :-** पाठ- नई समस्याएँ

**ई-अनुशिक्षक श्रृंखला के द्वारा पढ़ाए गए पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए---**

**■ प्रस्तुत पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए ---- (अंक-5)**

" वे सभी  सजीव हैं, साँस ले रहे हैं, शत प्रतिशत बोल रहे हैं, अट्ठहत्तर मुर्दा इंसान जिंदा हो गए हैं, उनको बोलते, बातें करते देखो।" देश की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म ' आलमआरा ' के पोस्टरों पर विज्ञापन की यह पंक्तियां लिखी हुई थीं। 14 मार्च, 1931 की वह ऐतिहासिक तारीख भारतीय सिनेमा में बड़े बदलाव का दिन था। इसी दिन पहली बार भारत के सिनेमा ने बोलना सीखा था हालांकि वह दौर ऐसा था, जब मूक सिनेमा लोकप्रियता के शिखर पर था।

1) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम बताइए।

**अ)** मुकेश त्रिपाठी
**आ)** प्रदीप तिवारी
**इ)** रामनरेश शुक्ला
**ई)** रामधारी सिंह 'दिनकर'

2) यहाँ 'सजीव'शब्द किनके लिए प्रयोग किया गया है ?

**अ)** निर्देशक के लिए
**आ)** दर्शकों के लिए
**इ)** पात्रों के लिए
**ई)** संगीतकारों के लिए

3) फिल्म 'आलम आरा' का विज्ञापन किस पर लिखा गया था ?

**अ)** दीवारों पर
**आ)** पत्थरों पर
**इ)** पेड़ों पर
**ई)** पोस्टरों पर

**4)** भारतीय संदर्भ में 14 मार्च, 1931 की तिथि किससे संबंधित है ?

**अ)** खेल से
**आ)** सिनेमा से
**इ)** शिक्षा से
**ई)** कृषि से

**5)** भारतीय सिनेमा ने पहली बार बोलना कब सीखा ?

**अ)** 14 मार्च, 1930
**आ)** 14 मार्च, 1931
**इ)** 14 मार्च, 1932
**ई)** 14 मार्च, 1933

**■ प्रस्तुत पठित काव्यांश के आधार पर प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए ---- (अंक-5)**

(i)"जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।।"
(ii)" जग में बैरी कोई नहीं जो मन सीतल होय।
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय।।"

6) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं ?

अ) साखी
आ) सुदामा चरित
इ) कबीर की साखियाँ
ई) कबीर वाणी

7) प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?

अ) भैरवदास
आ) सूरदास
इ) कबीरदास
ई) रामदास

8) इनमें से हमें किसका मोलभाव करना चाहिए ?

अ) जाति का
आ) साधु का
इ) तलवार का
ई) म्यान का

9) साधु से क्या ग्रहण करना चाहिए ?

अ) जाति
आ) तलवार
इ) वरदान
ई) ज्ञान

10) प्रस्तुत पंक्तियों में 'आपा' शब्द का क्या अर्थ है ?
अ) आप
आ) अपनापन
इ) अहंकार
ई) उत्साह

■ **पाठ के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए ।** ----- (अंक-10)

11) ' उद् योग ' शब्द का संधि-विच्छेद होता है।

**अ)** उप + योग
**आ)** उद् + योग
**इ)** उत् + योग
**ई)** उत् + ओग

12) अल्प विराम का प्रयोग कब किया जाता है ?

**अ)** प्रश्न पूछने पर
**आ)** वाक्यों के अंत में
**इ)** अधिक देर तक रुकने पर
**ई)** एक ही प्रकार के शब्दों को अलग करने के लिए

13) "मेरा दादाजी अख़बार पढ़ रहा है।" वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है ?

अ) संज्ञा संबंधी
आ) क्रिया संबंधी
इ) वचन संबंधी
ई) कारक संबंधी

14) ' अचेतन ' शब्द का उचित अर्थ चुनिए--

अ) घट
आ) जड़
इ) सद् गति
ई) चेतन

15) ' परमार्थ ' शब्द का विपरीत अर्थ बताइए--

अ) स्वार्थ
आ) अर्थ
इ) परमानंद
ई) सक्रिय

16) अकबर ने कौन-सा नया धर्म स्थापित किया ?

**अ)** ' अकबरनामा '
**आ)** ' अभय -- निडर रहो '
**इ)** ' दीन - ए - इलाही '
**ई)** इनमें से कोई नहीं

**■ निम्नलिखित प्रश्न पर अपने विचार 80 -100 शब्दों में लिखिए।                    ----- (अंक-4)**

**प्र०17)** बिना सोचे-विचारे किए गए कार्य गलत परिणाम देते हैं। कहानी ' कामचोर ' के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

https://youtu.be/y0taVmMEm3M
https://youtu.be/3KpQrWg3lgI

**सामान्य निर्देश:-**

- अभ्यास कार्य जमा करने की अंतिम तिथि: **8 नवंबर, 2021**

छात्र का नाम, कक्षा वर्ग एवं तिथि लिखना

अनिवार्य है।

- अभ्यास कार्य का निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य है ताकि आपके विषय का आंतरिक मूल्यांकन समय पर किया जा सके।
- अभ्यास कार्य करके अपनी विषयाध्यापिका को उनके व्हाट्सएप्प नं० पर भेजें--

1. श्रीमती अनुराधा मल्होत्रा (VIII A & B) (whatsapp No.7006797747)
2. श्रीमती विवेक निधि (VIII C, D, E, F, & G) (whatsapp No.9596733182)
3. श्रीमती गीतिका केसर (VIII H, I, J & K) (Whatsapp No. 7006733423)